प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मौसम

बीती रात हुई भारी वर्षा के बाद राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हैं। इस बीच मंडी जिला के स्यांज क्षेत्र की नंदी पंचायत के कटवानडी गांव में बादल फटने का समाचार है फिलहाल इस घटना में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। शिमला जिले में रामपुर उपमंडल के बधाल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध है। कुल्लू, बंजार और मनाली सहित चंबा उपमंडल में आज भी सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है। उधर चंबा जिले में राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। विस्तृत ब्योरे के साथ चंबा जिला सम्वाद्दाता........

इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आगामी 31 अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 31 अगस्त को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पठानकोट–चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभिन्न सम्पर्क सड़कों का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कम समय में सड़क मार्गों की बहाली राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता है ताकि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में यातायात सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

खेल दिवस

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर प्रदेशभर में 3 दिवसीय खेल महोत्सव के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के पहले तीन संस्करण में क्षेत्र के हजारों खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा ले चुके हैं। अनुराग ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ी खेल महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए 20 सितम्बर तक अपना ऑनलाईन पंजीकरण करवा सकते हैं।